FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी
संकल्प हमारा

प्रेस नोट दिनाँक 16-07-2024 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा ग्राम जायमई में हुई हत्या के मुकदमें में वांछित चल रहे 02 अभियुक्तगणों को किया गिरफ्तार।

- **दिनांक 13.02.24 को थाना सिरसागंज के ग्राम जायमई में रामसेवक की गोली मारकर की गयी थी हत्या।**
- **घटना के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 73/2024 धारा 147/148/149/302/34 भादवि पंजीकृत है।**
- **दोनो अभियुक्तगण घटना के समय से ही लगातार चल रहे थे फरार तथा थाना पुलिस टीम द्वारा लगातार दी जा रही थी दबिस।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फिरोजाबाद द्वारा वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के निर्देशन वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 16.07.2024 को हेवतपुर रोड एनएच-19 सर्विस रोड थाना क्षेत्र सिरसागंज से मु0अ0सं0 73/2024 धारा 147/148/149/302/34/120बी भादवि में वांछित अभियुक्तगण 1.पुष्पेन्द्र कुमार उर्फ पुष्कर पुत्र नरेशचन्द्र उम्र करीब 28 वर्ष 2.संजीव कुमार उर्फ सुधाकर पुत्र श्री कप्तान सिंह उम्र 29 वर्ष निवासीगण जायमई थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण पुष्पेन्द्र कमार व संजीव उर्फ सुधाकर मुकदमा उपरोक्त में मुकदमें में नामजद अभियुक्त थे तथा घटना के समय से ही फरार चल रहे थे। सिरसागंज पुलिस द्वारा अभियुक्तगण की लगातार तलाश की जा रही थी तथा संभावित स्थानो पर दबिशे दी जा रही थी। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. कुलदीप 2. प्रदीप कुमार उर्फ पिल्लू 3. संदीप उर्फ प्रभाकर पुत्रगण कप्तान सिंह 4. राममहेश पुत्र मनीराम निवासीगण जायमई थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. संजीव कुमार उर्फ सुधाकर पुत्र कप्तान सिंह निवासी जायमई थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
2. पुष्पेन्द्र कुमार उर्फ पुष्कर कुमार पुत्र नरेशचन्द्र निवासी उपरोक्त।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1-श्री राजेश कुमार पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना सिरसागंज ।
2-व0उ0नि0 अजेन्द्र सिंह थाना सिरसागंज।
3-हे0का0 1051 पवन कुमार थाना सिरसागंज।
4-कानि0 418 राहुल गुप्ता थाना सिरसागंज ।